**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- मई, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थानों के निदेशकों के साथ आंतरिक रूप से विचारविमर्श किया गया तथा सभी 5 स्वायत्त संस्थानों को एक सोसायटी के तहत विलय करने का नया प्रस्ताव किया गया। मंत्रिमंडल नोट का एक प्रारूप तैयार किया गया है तथा इसे अंतर-मंत्रालयीय परामर्श के लिए परिचालित किया गया है।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय/विभागों द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल। जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- आईएमडी ने 31 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु (जून-सितंबर), 2022 के दौरान वर्षा के अपडेटेड दीर्घावधि पूर्वानुमान तथा जून 2022 के दौरान वर्षा और तापमान के लिए मासिक आउटलुक जारी किए।
- पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा (जून से सितंबर) के सामान्य (दीर्घकालिक औसत के 96 से 104% तक) होने की संभावना है । दक्षिण-पश्चिम मानसून की ऋतुनिष्ठ वर्षा मध्य भारत (>एलपीए का 106%) और दक्षिण प्रायद्वीप (>एलपीए का 106%) के लिए सामान्य से अधिक होगी। पूर्वोत्तर भारत (एलपीए का 96-106%) और उत्तर पश्चिमी भारत (एलपीए का 92-108%) में वर्षा सामान्य होने की संभावना है। वर्षा सिंचित कृषि क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा सामान्य से अधिक (>एलपीए का 106%) होने की संभावना है।
- दक्षिण पश्चिम मानसून 16 मई, 2022 को दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अधिकांश भागों और अंडमान सागर में आगे बढ़ा।
- भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में प्रचलित ला नीना स्थितियां जारी रहने की संभावना है और मानसून ऋतु के दौरान हिंद महासागर के ऊपर नकारात्मक आईओडी स्थितियों के विकास की सर्वाधिक संभावना है।
- एफओआरवी सागर संपदा द्वारा बनाए गए गहरे समुद्री संग्रहों से स्कॉट लॉबस्टर की 14 नई प्रजातियों का वर्णन किया गया है।
- इंकॉइस ने स्कूल ऑफ नेवल ऑशिनोलॉजी एंड मीटिओरोलॉजी (एसएनओएम) को समुद्रविज्ञानीय पाठ्यक्रमों का संचालन करके प्रशिक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए 9 मई 2022 को भारतीय नौसेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सार्वजनिक निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 28.78 मिलियन किसान सीधे तौर पर एस.एम.एस के जरिए एग्रोमेंट परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं कोई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *377<br>(727-350) | -- | 377 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 589**<br>(1382-795) | -- | 589 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 194 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 24 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 04 | -- | 04 |
| सतह ओजोन (विद्‌युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 07 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 13 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 16 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09(दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>10(अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3114 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 727 में से 350 पुराने हैं।
**कुल 1382 में से 795 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडारों सहित।
**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

मई, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) हिमपात और हिमस्खलन अध्ययन प्रतिष्ठान (SASE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान एसएएसई/डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (मार्च 2022)**

**क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं**

<u>निम्न दबाव प्रणालियां:</u> 6 मई, 2022 को दक्षिण अंडमान सागर और उससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना। उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए, यह 8 मई को चक्रवाती तूफान "असानी" में बदल गया और तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा और ओडिशा में बारिश हुई। 19 मई, 2022 की सुबह (0300 UTC) मर्तबान की खाड़ी और उससे सटे म्यांमार के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना।

उत्तर-पूर्वोत्तर की ओर बढ़ते हुए, यह 21 मई को पश्चिमोत्तर थाईलैंड और उससे सटे म्यांमार के एक अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो गया।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** मई, 2022 माह में, पूरे देश में 83.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 62.0 मिमी. का 134% है।

**ग) भारी वर्षा की घटनायें:**

| समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई | भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 19 |
|---|---|
| | 64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में) |
| दिन 1/24 घंटे। | 85 |
| दिन 2/48 घंटे | 86 |
| दिन 3/72 घंटे। | 87 |

**घ) तापमान परिदृश्य:**

मई, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 29.96 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से +0.22 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 15 मई, 2022 को बांदा (पूर्वी उत्तर प्रदेश) में अधिकतम तापमान $49^0$C दर्ज किया गया और 23 मई, 2022 को दिल्ली रिज (हरियाणा, चंडीगढ़और दिल्ली) में न्यूनतम तापमान $15.2^0$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| **क्र. सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **गरजने की घटनाएँ** | **ओलावृष्टि की घटनाएं** | **धूल भरी आंधी** | **झोंकेदार हवाएँ** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 15 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 7 | 2 | 6 | 7 |
| 10 | गोवा | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 7 | 4 | 5 | 4 |
| 12 | हरियाणा | 7 | 2 | 5 | 5 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | झारखंड | 3 | 1 | 0 | 1 |
| 16 | कर्नाटक | 18 | 8 | 4 | 12 |
| 17 | केरल | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 1 | 2 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 10 | 8 | 7 | 7 |
| 21 | महाराष्ट्र | 15 | 9 | 6 | 12 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 23 | मेघालय | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | गरजने की घटनाएँ | ओलावृष्टि की घटनाएं | धूल भरी आंधी | झोंकेदार हवाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नागालैंड | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 14 | 15 | 8 | 24 |
| 27 | पुडुचेरी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 28 | पंजाब | 11 | 4 | 4 | 9 |
| 29 | राजस्थान | 15 | 8 | 15 | 8 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 10 | 4 | 0 | 12 |
| 32 | तेलंगाना | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 33 | त्रिपुरा | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 19 | 4 | 18 | 17 |
| 35 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 21 | 8 | 4 | 8 |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 124 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां-124, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-4, वर्तमान मौसम की स्थिति और अगले दो सप्ताह के लिए आउटलुक:- 4, साइक्लोजेनेसिस के लिए विस्तारित अवधि आउटलुक:- 4, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी पर्वत मौसम बुलेटिन- 62, माउंट अबी गामिन शिखर अभियान के दौरान आईटीबीपी के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-19, माउंट ब्लैक पीक अभियान के दौरान आईएमएफ के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-11, माउंट नन चोटी अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर राइफल्स (भारतीय सेना) के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन:-1, भारत के लिए जारी की गई लू की चेतावनियां:-31, समुद्री मौसम बुलेटिन:-62, FDP स्टॉर्म बुलेटिन जारी किया गया -31, प्रतिकूल मौसम के लिए तत्काल पूर्वानुमान दिशानिर्देश बुलेटिन-31, माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-31

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) भारत के जलवायु नैदानिक बुलेटिन में उपयोग के लिए अप्रैल 2022 को समाप्त माह के लिए मासिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए । इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

ii) मई 2022 माह के लिए अन नीनो - दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) बुलेटिन तथा मई से अगस्त 2022 तक की अवधि के लिए दक्षिण एशिया हेतु ऋतुनिष्ठ जलवायु आउटलुक जारी किए गए (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

iii) दिनांक 04.05.2022, 11.05.2022, 18.05.2022, तथा 25.05.2022 को समाप्त सप्ताहों के लिए चार साप्ताहिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए। इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

iv) 4 साप्ताहिक, 1, 2, 3 एवं 4 मासिक समय पैमाने पर 0.5*0.5 डिग्री विभेदन पर ग्रिडेड मानकीकृत वर्षा सूचकांक (SPI) तथा मानकीकृत वर्षा इवैपोट्रांसपासयरेशन सूचकांक (SPEI) की गणना की गई। आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर साप्ताहिक आधार पर उपर्युक्त समय-पैमाने के मानचित्र अपलोड किए गए।

v) 28 अप्रैल से लेकर 04 मई तक, 05 मई से 11 मई तक, 12 मई से 18 मई तक और 19 मई से 25 मई 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vi) 21 अप्रैल से 04 मई तक, 28 अप्रैल से 11 मई, 05 से 18 तक और 12 से 25 मई 2022 तक की अवधि के लिए चार द्विसाप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए। इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vii) 28 अप्रैल से 04 मई, 05 से 11, 12 से 18 और 19 से लेकर 25 मई 2022 की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवाओं के लिए एग्रोमेट को मेल कर दिए गए।

viii) दिनांक 05 से 11, 12 से 18, 19 से 25 तथा 26 मई से 01 जून 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति आउटलुक मानचित्र तैयार किफए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

**भूकंप विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 131 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 82 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 6 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
सुनामी**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाले 2 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाले) आए। इन सभी भूकंपों की सूचना घटना के होने के 12 मिनट से भी कम समय में प्रदान की गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | मई, 2022 तक चालू किए गए | मई, 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 69 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 13 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 33 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 9 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 11 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपना जीवन काल पूरा कर लिया, इसलिए उनसे कोई डेटा नहीं प्राप्त किया जा सकता।

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| **संख्या** | **पूर्वानुमानों के प्रकार** | **महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिका (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 30 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 2 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहर, पवन, धाराएं, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 30 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- दिनांक 20, मई 2022 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और इसके संस्थानों ने आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया और सभी कर्मचारियों ने इस संबंध में शपथ ली।
- आईएमडी ने 27 मई को आईएमडी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 से जुड़े काउंट डाउन योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री उपस्थित थे।

- बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान "असानी" के कारण भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई थी। इसे देखते हुए 8 से 12 मई, 2022 तक विशेष एग्रोमेट बुलेटिन तैयार कर पुणे की वेबसाइट पर अपलोड किए गए।
- महीने के दौरान कॉलेज के लगभग 300 विद्यार्थी एनसीपीओआर में आए, और उन्हें ध्रुवीय क्षेत्रों में की जाने वाली अनुसंधान गतिविधियों तथा अभियान के बारे में बताया गया।
- तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेष आमंत्रण पर 'समुद्री प्रदूषण, नमूना प्रक्रियाएं, समुद्री प्रदूषण कम करना तथा एनसीसीआर की अनुसंधान गतिविधियां' नामक शीर्षक का प्रशिक्षण प्रस्तुतिकरण दिनांक 25 मई, 2022 को गिंडी, चेन्नई में नए भर्ती किए गए प्रशिक्षण सहायक अभियंताओं (AE) तथा पर्यावरणीय वैज्ञानिकों (ES) को दिया गया।
- दिनांक 30-31 मई 2022 को एमसीजीएम के अधिकारियों के लिए एनसीसीआर द्वारा "IFLOWS-मुम्बई के प्रचालनात्मक उपयोग" संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- "भूस्थानिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से तटीय आपदा को समझना" नामक विषय पर एनआईडीएम के साथ दिनांक 18-20 मई 2022 के दौरान तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- NCMRWF वैज्ञानिकों ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभायी तथा मई 2022 में आईएमडी डायरेक्ट रिक्रूट साइंटिस्ट ट्रेनिंग कोर्स (DRSTC), बैच नं. 2 के लिए "ऑब्जर्वेशन प्रोसेसिंग एवं डेटा असिमिलेशन" सम्बन्धी ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल हुए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिनांक 2 मई को एक्सप्लोरेशन एवं प्रोडक्शन ऑपरेटर्स के लिए परिचय प्रशिक्षण (ऑनलाइन मोड) का आयोजन किया, इसमें - हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, भारतीय तट रक्षक, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण कार्यालय, तेल उद्योग सुरक्षा महानिदेशालय, भारतीय नौ सेना, एवं ऑयल एंड नैचुरल गेस कॉरपोरेशन, शेल, सन पेट्रो, इन्वेनायर, रिलायंस, अदानी आदि सहित ओपरेटरों के लगभग 150 सहभागी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण के दौरान चक्रवातों की बुनियादी जानकारी, समुद्री समुदाय के लिए आईएमडी द्वारा जारी किए गए विभिन्न बुलेटिन, तथा सुरक्षित ऑफशोर ऑपरेशन के लिए तैयार किए गए कस्टमाइज्ड उत्पादों के बारे में व्याख्यान दिए गए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तारित अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किए गए थे।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में पूर्वानुमान वीडियो जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनियां सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी की गई।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के AI/ML वर्चुअल सेंटर द्वारा मंत्रालय के DESK प्रोग्राम के साथ मिलकर मंत्रालय के वैज्ञानिकों/विद्यार्थियों के लिए दिनांक 9-10 मई, 2022 के दौरान एक AI/ML वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कुल 110 प्रतिभागियों (आईआईटीएम से 51, अन्य संस्थानों से 59) ने सहभागिता की।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है, तथा इस समारोह के भाग के रूप में मई 2022 माह के दौरान वर्चुअल व्याख्यान शृंखला आयोजित की गई।
- पुणे के 2020 बैच के प्रोबेशनरी के आईएएस अधिकारियों ने दिनांक 11 मई 2022 को आईआईटीएम पुणे का दौरा किया।
- विभिन्न कॉलेज के संकाय एवं विद्यार्थियों ने आईआईटीएम पुणे, एनआईओटी चेन्नई, सीएमएलआरई कोचि की प्रयोगशालाओं का दौरा किया ।

**प्रकाशन**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2022 – अप्रैल, 2022 | मई, 2022 | कुल | अप्रैल, 2022 – अप्रैल, 2022 | मई, 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 18 | 12 | 30 | - | 2 | 2 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 9 | 4 | 13 | - | - | - |
| ध्रुवीय विज्ञान | 4 | 6 | 10 | - | - | - |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 6 | 5 | 11 | - | - | - |
| कुल | 37 | 27 | 64 | - | 2 | 2 |

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 0 | 31 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 31 | 0 |
| सागर तारा | 12 | 19 | 1 |
| सागर अन्वेषिका | 17 | 14 | 3 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**<u>अनुलग्नक II</u>**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003

दिनांक: 12जून, 2022

प्रमाण पत्र

(मई 2022 माह के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति मई, 2022 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -09 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -02 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -01 |

(निदेशक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का पद दिनांक 02/06/2022 से रिक्त हो जाएगा।)

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js@moes.gov.in